दिल ले गया दिल ले गया सांवरिया सरकार

कोई कर दे मेरा उपचार मैं तो पद गई हूँ बीमार
दिल ले गया दिल ले गया सांवरिया सरकार

सजनी श्याम सलोना जबसे नैनन आये समाया
प्रेम दीवानी कर डारी इस ने मन में मेह जगाया
चढ़ा इश्क़ का मोहे बुखार
दिल ले गया दिल ले गया सांवरिया सरकार

प्रेम खुमारी ऐसी चढ़ गई जोगन श्याम की होइ
भूल भाल के दुनिया मैं तो रोगन श्याम की होइ
छाया चित में मेरे खुमार
दिल ले गया दिल ले गया सांवरिया सरकार

सबने मिलकर मरज़ दिखाई वैध हकीम बुलाये
दवा कोई भी काम ना आई दिल की बीमारी बताये
कोई दिल से करदो पुकार
दिल ले गया दिल ले गया सांवरिया सरकार

पागल कर डारी गोपाली कुञ्ज बिहारी बुला दो
गुरु कृपा से करके चारा मेरी जान बचा दो
रहूं उसकी शुक्र गुज़ार
दिल ले गया दिल ले गया सांवरिया सरकार

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/13080/title/dil-le-geya-dil-le-geya-sanwariyan-sarkar

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |